रजिस्ट्री सं० डी०—(डी)—73

REGISTERED NO. D—(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 26, 1981 (पौष 5, 1903)

No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 26, 1981 (PAUSA 5, 1903)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

कृषि ऋण विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई-400018, दिनांक 3 दिसम्बर 1981

सं० ए०सी०डी० 60/ए० 18-81/82—बैंककारी विनियमन अधिनियम, की धारा 1949 की धारा 56 के खण्ड (यक) के साथ पठित धारा 36 क की उपधारा (2) के अनुसरण में भारतीय रिजर्व बैंक इसके द्वारा यह अधिसूचित करता है कि निम्नलिखित सहकारी बैंक उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिए सहकारी बैंक नहीं रह गया है ।

क्रम सं०	बैंक का नाम	राज्य
1.	झालोद कस्बा को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड झालोद, जिला पंचमहाल	गुजरात

रमेशचन्द्र प्रधान,
अपर मुख्य अधिकारी

स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर

जयपुर, दिनांक 16 दिसम्बर, 1981

सं० —समनुषंगी बैंक सामान्य विनियम, 1959 के उपविनियम (I) के साथ पठित उप विनियम (2) के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 सितम्बर 1981 की हमारी सूचना के अनुसरण में भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 25 की उपधारा (I) के खण्ड (डी) के अन्तर्गत 2 निदेशकों के चुनाव हेतु (निम्नांकित 3 व्यक्तियों के वैध नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं :—

(1) श्री ए० सी० चटर्जी,
सी-30, बापू नगर'
जयपुर।

(2) श्री सुरेन्द्र कुमारजैन,
बरवाड़ा हाऊस,
सत्य महल होटल के सामने
नं० 5, सिविल लाइन्स,
जयपुर।

(3) श्री लालचन्द कोठारी,
श्री सवाल कोठारी मोहल्ला,
बीकानेर।

आगे यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रयोजनार्थ स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर के शेयरधारियों की एक साधारण सभा पूर्व सूचनानुसार सी-स्कीम, तिलक मार्ग, जयपुर स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय में शनिवार, दिनांक 2 जनवरी, 1982 को अपराह्न 3 बजे (मानक समय) होगी।

दिनांक 23 दिसम्बर 1981

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक के शेयरधारियों का रजिस्टर शनिवार 30 जनवरी 1982 से शनिवार, 13 फरवरी 1982 तक दोनों दिन मिलाकर बन्द रहेगा।

बोर्ड के आदेशानुसार
म० भू० दत्त
प्रबन्ध निदेशक

स्टेट बैंक आफ मैसूर
(भारतीय स्टेट बैंक का सहयोगी)
प्रधान कार्यालय :
बंगलोर-9, दिनांक 3 दिसम्बर 1981

सूचना

दिसम्बर 31, 1981 को समाप्त हुये वर्ष के लिए बैंक के शेयरधारियों को—जिनका नाम 14 जनवरी 1982 तक बैंक की बहियों में रजिस्ट्रीकृत हैं, बैंक के 35वीं लाभांश भुगतान करने के लिये स्टेट बैंक आफ मैसूर का शेयर-रजिस्टर 31 जनवरी, 1982 से 14 फरवरी 1982 तक (दोनों दिन सहित) बंद रहता है।

वी० नवरत्नराजु, कृते प्रबन्ध निदेशक

भारतीय खाद्य निगम
प्रधान कार्यालय
नई दिल्ली-110001, दिनांक 10 दिसम्बर, 81

सं० 12/फा० सं० 1-16/76-ई०पी०—1974 में केन्द्र सरकार के अनुमोदन से भारतीय खाद्य निगम ने एक वेतन समिति की स्थापना की थी। वेतन समिति का कार्य अन्य बातों के साथ-साथ, भारतीय खाद्य निगम के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों की इच्छित तथा संभावित परिलब्धियों और सेवा शर्तों को देखना तथा उन पर सिफारिश करना था। वेतन समिति ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि उसके द्वारा प्रस्तावित संशोधित वेतनमान 1-1-73 से लागू किये जाने चाहिए 17 अप्रैल, 1975 के खाद्य निगम के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स द्वारा इस संबंध में वेतन समिति की सिफारिशों की स्वीकृति के बाद, बोर्ड आफ डायरेक्टर्स द्वारा अनुमोदित सिफारिशों को केन्द्र सरकार के अनुमोदन के लिये आवश्यक संदर्भ खाद्य विभाग को भेजा गया। विभिन्न पदों के 1-1-73 से लागू होने वाले संशोधित वेतनमानों के लिये 23 अप्रैल, 1976 को खाद्य निगम अधिनियम, 1964 की धारा 45 के अन्तर्गत खाद्य विभाग ने केन्द्र सरकार का अनुमोदन भेजा। वेतन समिति की कुछ सिफारिशों पर केन्द्र सरकार द्वारा भेजे गये अनुमोदन में भारतीय खाद्य निगम (कर्मचारीवृन्द) अधिनियम, 1971 के कुछ प्रावधानों में संशोधनों की अपेक्षा की गई थी। इसी लिए यह विचार किया गया था कि केन्द्र सरकार द्वारा दिये गये अनुमोदन के फलस्वरूप जो संशोधन जरूरी थे उन्हें कर्मचारी वृन्द विनियमों में प्रस्तावित परिवर्तनों को अंतिम रूप देने के लिये सभी सिफारिशों को आवृत्त करने वाली एक अधिसूचना जारी की जाये। तथापि, कर्मचारीवृन्द विनियमों में प्रस्तावित संशोधनों को अंतिम रूप देने में प्रत्याशित समय से अधिक समय लग रहा था। इसके बाद यह निर्णय लिया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदित विभिन्न पदों के संशोधित वेतनमान भारत के राजपत्र में अधिसूचित किये जायें। इसीलिये मामले में कार्यवाही करने के लिये केन्द्र सरकार के खाद्य विभाग से अनुमोदन मांगा गया। खाद्य विभाग से अधिसूचना के पैरा 2 और 3 का 19 अक्तूबर, 1979 को पैरा 4 का 29 दिसम्बर, 1976 के तथा पैरा 5 का 29 अप्रैल, 1977 को अनुमोदन प्राप्त होने पर ये संशोधन इन अलग-अलग तिथियों से लागू किये गये। तथापि, अंतिम अधिसूचना 13 दिसम्बर, 1979 को ही जारी की जा सकी। इन विनियमों के पिछले समय से लागू किये जाने के कारण किसी को नुकसान होने की संभावना नहीं है।

सं० 11/फा० सं० 7-4-79-ई०पी०—खाद्य निगम अधिनियम 1964 का (1964 का 37) की धारा 45 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुमति से भारतीय खाद्य निगम निम्नलिखित विनियम बनाकर भारतीय खाद्य निगम (कर्मचारी वृन्द) विनियम, 1971 में और आगे संशोधन करता है :—

1. (1) ये विनियम भारतीय खाद्य निगम (कर्मचारी वृन्द) (80 वां संशोधन) विनियम, 1981 कहे जायं।

(2) ये तुरन्त प्रभावी होंगे।

2. भारतीय खाद्य निगम (कर्मचारी वृन्द) विनियम, 1971 का विद्यमान विनियम 30 इस प्रकार रखा जायेगा :—

"30 कार्यारम्भ काल :—

(1) निगम के कर्मचारी को कार्यारम्भ काल लोक हित में स्थानान्तरण होने पर दिया जायेगा ताकि वह उसी स्थान पर या नये स्थान पर नये पद का कार्य ग्रहण कर सके। यदि अस्थाई स्थानान्तरण 180 दिन से अधिक

अवधि का नहीं है तो कोई कार्य-आरम्भ काल ग्राह्य नहीं होगा। केवल दौरे की यात्रा के मामले में ग्राह्य वास्तविक मार्गस्थ समय दिया जाये।

(2) प्रतियोगी परीक्षा और/या साक्षात्कार जो नियम के कर्मचारियों तथा अन्य व्यक्तियों के लिए हों परिणाम के आधार पर नियम के अधीन पदों पर भर्ती के लिए निगम के कर्मचारी इन नियमों के अंतर्गत कार्यारम्भ काल के हकदार होंगे।

(3) (क) यदि पुराने पद का चार्ज पूर्वाह्न में दिया जाता है तो उसी तिथि से अथवा यदि चार्ज अपराह्न में दिया जाता है तो आने वाली अगली तिथि से कार्यारम्भ काल प्रारम्भ होगा।

(ख) जहां कोई कर्मचारी अपने स्थानान्तरण के आदेश प्राप्त करता है या अपने मुख्यालय को छोड़कर अन्य स्थान पर पुराने पद का चार्ज देता है या दौरे के समय कर्मचारी का मुख्यालय स्वयं दौरे वाले स्थान पर परिवर्तित कर दिया जाता है या जहां उसका अस्थाई स्थानान्तरण स्थाई स्थानान्तरण में बदल दिया जाता है, वहां इन मामलों सहित सभी मामलों में कार्य आरम्भ काल की गणना पुराने मुख्यालय से की जायेगी।

(ग) उसी स्थान पर नये पद का कार्य ग्रहण करने के लिए या जिसमें एक स्थान दूसरे स्थान पर निवास का परिवर्तन निहित न हो, के लिए। किसी कर्मचारी को एक दिन से अधिक समय का कार्यारम्भ काल प्रदान नहीं किया जायेगा। इस प्रयोजन के लिए "उसी स्थान" का अभिप्राय उस क्षेत्र से माना जाएगा जो नगरपालिका या नगर निगम के क्षेत्राधिकार में आता हो जिसमें कथित नगरपालिका आदि से सम्बद्ध उपनगरीय नगरपालिकाएं, अधिसूचित क्षेत्र अथवा केंटोनमेंट शामिल हों।

(घ) जिन मामलों में एक स्थान से दूसरे स्थान को स्थानान्तरण निहित हों तथा निवास का परिवर्तन भी निहित हो उन मामलों में निगम के कर्मचारी को नीचे दी गई अनुसूची में दर्शाये अनुसार सीधे रास्ते से तथा साधारण यात्रा के तरीके से पुराने मुख्यालय तथा नये मुख्यालय के मध्य दूरी के संदर्भ में कार्यारम्भ काल प्रदान किया जाएगा। जब कार्यारम्भ काल के बाद छुट्टी (छुट्टियां) आती हैं तब ऐसी छुट्टी (छुट्टियों) की पूर्ति के लिए सामान्य कार्यारम्भ काल बढ़ाया जाना समझा जाये।

पुराने मुख्यालय और नये मुख्यालय के बीच की दूरी	ग्राह्य कार्यारम्भ काल	जहां स्थानान्तरण में अनिवार्यरूप से सड़क द्वारा यात्रा 200 कि० मी० से अधिक निहित हो वहां के लिए ग्राह्य कार्यारम्भ काल
1,000 कि०मी० या इससे कम	10 दिन	12 दिन
1,000 कि०मी० से अधिक	12 दिन	15 दिन
2,000 कि०मी० से अधिक	15 दिन (हवाई जहाज की यात्रा को छोड़कर) अधिकतम 12 दिन (हवाई जहाज के लिए)	

टिप्पणी :—दूरी का अर्थ वास्तविक दूरी से है, न कि भारीय दूरी से जिसके लिए कुछ घाट/पहाड़ी इलाकों में रेल द्वारा किराया लिया जाता है।

(ङ) उपर्युक्त उप-विनियम 3 (घ) में दर्शाई गई सीमाओं के अलावा कार्यारम्भ काल में बढ़ोत्तरी आंचलिक प्रबंधकों/प्रधान कार्यालय में कार्मिक प्रबंधक (जिसके क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत संबंधित कर्मचारी आता है)। द्वारा अधिकतम 30 दिन की सीमा तक तथा 30 दिन के बाद मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/वित्तीय सलाहकार द्वारा की जा सकती है, मार्गदर्शक सिद्धांत यह है कि तैयारी के लिए लगभग 8 दिन तथा यथो चितमार्गस्थ समय एवं छुट्टियों (बढ़ाये गए कार्यारम्भ काल के बाद यदि कोई हों,) के बराबर कार्यारम्भ काल की कुछ अवधि होनी चाहिए। मार्गस्थ समय की गणना करते समय हड़ताल या प्राकृतिक आपदाओं के कारण परिवहन व्यवस्था अवरुद्ध होने के कारण अपरिहार्य रूप से बिताया गया समय या स्टीमर के प्रस्थान के इन्तजार में बिताया गया समय मान्य होगा।

(4) (क) जब कर्मचारी पूरा कार्यारम्भ काल लिये बिना नये पद का कार्य ग्रहण करता है तब 15 दिन की अधिकतम शर्त सहित उपविनियम 3(घ) की ग्राह्यता के अनुसार लिये गये वास्तविक दिनों को घटाकर बाकी के कार्यारम्भ काल के दिनों की संख्या को अर्जित अवकाश के रूप में उसके छुट्टी खाते में जमा कर दिया जायेगा

(ख) कार्यारम्भ काल आकस्मिक छुट्टी को छोड़कर किसी भी प्रकार की छुट्टी के साथ जोड़ा जा सकता है ।

(ग) यदि किसी कर्मचारी को जबकि वह स्थानान्तरण के मार्ग में हो निर्देश दिये जाते हैं कि वह उस स्थान से भिन्न स्थान पर जाये जिसके लिए कि उसे आरम्भ में स्थानान्तरण आदेश दिये गये थे तो वह संशोधित आदेशों की प्राप्ति की तिथि तक पहले ही लिये गये कार्यारम्भ काल तथा संशोधित आदेशों की प्राप्ति की तिथि के बाद पुनः नये कार्यारम्भ काल के लिए हकदार होगा । ऐसे मामलों में नये कार्यारम्भ काल की गणना उस स्थान से की जायेगी जहां पर वह संशोधित आदेश प्राप्त करता है, मानों कि वह उस स्थान से स्थानान्तरित किया गया हो ।

(5) स्थानान्तरण करने वाला प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों में अपने विवेकाधार पर इन विनियमों के अन्तर्गत ग्राह्य कार्यारम्भ काल में कमी/बढ़ोत्तरी कर सकता है तथा इसके लिखित में कारण रिकार्ड करने होंगे ।

(6) यदि कोई कर्मचारी कार्यारम्भ काल में अपने नये स्थान पर कार्यग्रहण नहीं करता तो वह कार्यारम्भ काल के बाद में किसी वेतन या छुट्टी वेतन का अधिकारी नहीं होगा । यदि कोई कर्मचारी कार्यारम्भ काल के बाद जानबूझकर ड्यूटी से अनुपस्थित रहता है तो इन विनियमों के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकेगी ।"

3. भारतीय खाद्य निगम (कर्मचारीवृन्द) विनियम 1971 का विद्यमान विनियम 80 इस प्रकार रखा जायेगा :—

"80. कार्यारम्भ काल के दौरान वेतन एवं भत्ते :—

कार्यारम्भ काल के दौरान कर्मचारी को ड्यूटी पर माना जायेगा तथा वह पुराने पद पर चार्ज देने से पूर्व जो वेतन ले रहा था उसके बराबर कार्यारम्भ काल के वेतन का हकदार होगा । ऐसे कार्यारम्भ काल वेतन में यथोचित मंहगाई भत्ते के लिए भी वह हकदार होगा । इसके अतिरिक्त, जिस स्थान से वह स्थानान्तरित किया गया है उस पुराने स्थान पर लागू दरों पर अपने पूरान पद पर लागू नगर प्रतिकर भत्ते तथा मकान किराये भत्ते जैसे क्षतिपूरक भत्ते लेने का भी हकदार होगा ।"

आर० नारायणस्वामी,
सचिव

कार्यालय छावनी बोर्ड, रानीखेत

रानीखेत, दिनांक 08 दिसम्बर 1981

शुद्धि-पत्र

पत्रांक/243/टोल टैक्स—अधिसूचना का. नि. आ. 243/60/ए. टी. टी. एन. दिनांक 8 नवम्बर 1981 जो भारत के राजपत्र भाग ।।।—खण्ड 4, सप्ताहांत 21 नवम्बर 81 को पृष्ठ संख्या 3142 पर छपी है, में पंक्ति नं. 30 में शब्द "आर. डी. चतुर्वेदी" के स्थान पर "आर. डी. चतुर्वेदी" पढ़ा जाए ।

आर. डी. चतुर्वेदी,
छावनी कार्यपालक अधिकारी,
रानीखेत

भाखड़ा व्यास प्रबन्ध बोर्ड

चण्डीगढ़-160036, दिनांक 27 नवम्बर, 1981

सं० 28208/बी-1273/11-पी—पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 (1966 का 31) की धारा 79 की उपधारा (9) के खण्ड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड, केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुमति लेकर, एतद्द्वारा नीचे बताए अनुसार विनियम बनाता है :—

1. संक्षिप्त नाम, सीमा, लागू होना और आरंभ:—

(1) इन विनियमों को भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि विनियमावली 1981 कहा जाएगा;

(2) यह विनियमावली सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होगी;

(3) यह विनियमावली भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड के सभी नियमित और निर्माण कार्य प्रभारित कर्मचारियों पर लागू होगी, लेकिन नीचे लिखे कर्मचारियों पर लागू नहीं होगी;

(i) केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या राज्य बिजली बोर्डों की पेंशन नियमावली, सामान्य या अंशदायी या अन्य किसी भविष्य निधि नियमावली से नियंत्रित कर्मचारी;

(ii) कर्मचारी भविष्य निधि और विविध उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का अधिनियम 19) के उपबंधों द्वारा नियंत्रित कर्मचारी, जो इस अधिनियम के अन्तर्गत बनाई गई कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 कर्मचारी परिवार पेंशन योजना, 1971 और कर्मचारी जमा और बीमा योजना, 1976 जैसी सुविधाओं के हकदार हैं।

परिभाषाएं :—इस विनियमावली में यदि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो तो—

(1) "लेखा अधिकारी" का अभिप्राय भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड में काम करने वाले लेखा अधिकारी या सहायक लेखा अधिकारी से है, जिसे कार्यकारी अधिकारी ने इन विनियमों के लिए इस पद पर मनोनीत किया है :]

(2) "बोर्ड" का अभिप्राय भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड से है जो पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 (1966 का 31) की धारा 80 की उपधारा (6) के साथ पठित धारा 79 के अन्तर्गत बनाया गया है :—

(3) "न्यासी बोर्ड" का अभिप्राय है ऐसा न्यासी बोर्ड, जो निधि की देखभाल के लिए इन विनियमों के अन्तर्गत बनाया गया हो;

(4) "अध्यक्ष" का अभिप्राय, यदि अन्यथा निर्दिष्ट न किया गया हो तो इन विनियमों के अन्तर्गत बनाए गए न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष से है;

(5) "निरन्तर सेवा" का अभिप्राय बोर्ड के अधीन अविच्छिन्न सेवा से है और इसमें ऐसी सेवा भी शामिल है जो बीमारी या ड्यूटी के दौरान हुई और सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित की गई दुर्घटना, प्राधिकृत छुट्टी, हड़ताल जो गैर-कानूनी न हो या काम के रुक जाने, जिसमें कर्मचारी का दोष न हो, की बाधाओं के कारण विच्छिन्न हुई हो;

(6) "परिलब्धियों" का अभिप्राय महंगाई भत्ता, छुट्टी, वेतन, मजदूरी या निर्वाहभत्ता सहित मासिक वेतन से है किन्तु मकान किराया, समयोपरि भत्ता और अन्य परिवर्तनशील या अतिरिक्त भत्ते इसमें शामिल नहीं होंगे। दैनिक दर के आधार पर काम करने वाले मजदूर की मासिक परिलब्धियां, महीने के पहले सामान्य कार्य दिवस को उसकी स्वीकृत मजदूरी की दैनिक दर से 25 गुनी मानी जाएगी।

स्पष्टीकरण :—प्रत्येक मामले में 25 दिनों आधार पर ही मासिक परिलब्धियों का हिसाब लगाया जाए। यह सिद्धान्त उन कर्मचारियों के मामले में लागू होता है जो रविवार और अधिसूचित छुट्टियों को छोड़कर शेष सभी दिन काम करते हैं। दैनिक दर के आधार पर नियुक्त उन कर्मचारियों के मामले में, जिन्हें महीने के दौरान साप्ताहिक छुट्टियों की मजदूरी भी मिलती है 30 दिन के आधार पर मासिक परिलब्धियों का हिसाब लगाया जाएगा।

(7) "कर्मचारी" का अभिप्राय ऐसे किसी भी व्यक्ति से है जो निधि में अंशदान देता हो और जो बोर्ड द्वारा, शारीरिक श्रम या अन्य प्रकार के श्रम के किसी भी प्रकार के काम पर, मजदूरी या वेतन पर नियुक्त किया गया हो और जो बोर्ड से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपनी मजदूरी पाता हो;

(8) "कार्यकारी अधिकारी" का अभिप्राय इन विनियमों के अन्तर्गत बनाए गए न्यासी बोर्ड कार्यकारी अधिकारी से है;

(9) "परिवार" का अभिप्राय है—

(क) पुरुष अभिदाता के मामले में, अभिदाता की पत्नी या पत्नियां और बच्चे, और

अभिदाता के मृत पुत्र की विधवा या विधवाएं और बच्चे और अभिदाता के आश्रित माता-पिता;

लेकिन यदि कोई अभिदाता यह सिद्ध कर दे कि उसकी पत्नी न्यायिक रूप से उससे अलग हो गई है या वह जिस समाज का है उस समाज की प्रथा के अनुसार भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं रही है तो उसी समय से उसे इन विनियमों से संबंधित मामलों में अभिदाता के परिवार का सदस्य तब तक नहीं माना जाएगा, जब तक स्वयं अभिदाता लेखा अधिकारी को लिखित रूप से यह सूचित नहीं करता कि उसे उसके परिवार का सदस्य माना जाए;

(ख) महिला अभिदाता के मामले में उसका पति और बच्चे, और उसके मृत पुत्र की विधवा या विधवाएं और बच्चे और अभिदाता के आश्रित माता-पिता;

लेकिन, यदि कोई अभिदाता लेखा अधिकारी के पास इस आशय का लिखित नोटिस भेजे कि उसके पति को उसके परिवार में शामिल न माना जाए, तो उसी समय से उसके पति को तब तक, इन विनियमों से संबंधित मामलों में अभिदाता के परिवार का सदस्य नहीं माना जाएगा, जब तक अभिदाता अपना नोटिस लिखित रूप में रद्द न करवाए।

स्पष्टीकरण—"बच्चा" का अर्थ है वैध संतान और यदि अभिदाता के स्वीय कानून द्वारा गोद लेना मान्य हो तो दत्तक संतान भी इस अर्थ में शामिल है;

(10) "निधि" का अभिप्राय बोर्ड की अंशदायी भविष्य निधि से है;

(11) "नामांकित व्यक्ति" का अभिप्राय है कि यदि किसी व्यक्ति का परिवार है तो उसके परिवार का कोई एक या एक से अधिक व्यक्ति और इनके न होने पर सदस्य द्वारा लिखित रूप में नामांकित एक या एक से अधिक व्यक्ति जो सदस्य की मृत्यु, बोर्ड द्वारा उसकी सेवा समाप्त किए जाने से पहले हो जाने पर, सदस्य की सम्पदा के प्रति देय होने वाली राशि प्राप्त कर सकता है;

लेकिन, यदि दूसरे व्यक्ति या व्यक्तियों को नामांकित करने के बाद अभिदाता का अपना परिवार हो जाता है, तो ऐसा होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उसको अपने परिवार के किसी सदस्य या सदस्यों को मनोनीत करने के लिए निर्धारित फार्म में फिर से नामांकन करना चाहिए;

(12) "वेतन" में, यदि नौकरी की शर्तों में ऐसी व्यवस्था हो तो महंगाई भत्ता भी शामिल है लेकिन दूसरे सभी भत्ते और परिलब्धियां उसमें शामिल नहीं हैं;

(13) "अभिदाता" का अभिप्राय है, वह कर्मचारी जो निधि में अभिदान करता है;

(14) "न्यासी" का अभिप्राय है निधि की देख-रेख के लिए बनाए गए न्यासी बोर्ड का सदस्य;

(15) "वर्ष" का अभिप्राय हर वर्ष पहली अप्रैल को शुरू होने वाले वित्त वर्ष से है;

(16) इन विनियमों में इस्तेमाल किए गए जिन शब्दों और पदावलियों की परिभाषा इनमें नहीं दी गई है लेकिन जिनकी परिभाषा भविष्य निधि अधिनियम, 1925 (1925 का 19) में, कर्मचारी भविष्य निधि और विविध उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) में या इस विनियमावली के अन्तर्गत आने वाले, बोर्ड के कर्मचारियों पर लागू अवकाश नियमों में दी गई है, उनका क्रमशः उन अधिनियमों और अवकाश नियमों में दिया गया अर्थ ही मान्य होगा।

3. निधि का निर्माण :—एक अलग निधि का निर्माण किया जाएगा, जो रुपयों में होगी, और जिसमें कर्मचारियों और नियोक्ताओं से प्राप्त हुई कुल राशि जमा की जाएगी और इस लेखे को "भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि लेखा" कहा जाएगा।

4. निधि का विनियमन:—(1) यह निधि इन विनियमों या किन्हीं ऐसे नियमों/विनियमों द्वारा शासित होगी जो उस समय लागू हो और न्यासियों द्वारा उनकी व्याख्या की जाएगी। आमतौर पर न्यासियों का निर्णय अन्तिम और मान्य होगा। लेकिन, यदि न्यासी बोर्ड और अभिदाता के बीच इन विनियमों में से किसी विनियम की व्याख्या को लेकर कोई मतभेद उठ खड़ा हो तो निर्णय के लिए मामला क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पास भेज दिया जाएगा और उसका निर्णय अन्तिम और दोनों पक्षों को मान्य होगा।

(2) निधि का हिसाब रुपयों में रखा जाएगा और यह निधि अभिदाताओं के अभिदान और बोर्ड के अंशदान से बनेगी और अभिदाताओं के खाते में जमा ब्याज भी इसमें शामिल किया जाएगा।

(3) विनियम 14 और 15 में उल्लिखित न्यासी, भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 की धारा 20 के अन्तर्गत आने वाली प्रतिभूतियों में निधि का उतना हिस्सा निवेश करेंगे जितना उचित समझा जाए और

न्यासियों द्वारा निर्धारित किया जाए और उक्त निवेश पर प्राप्त होने वाला ब्याज या लाभ बोर्ड के नाम जमा किया जाएगा।

5. निधि की सदस्यता :—(1) प्रत्येक कर्मचारी यथास्थिति बोर्ड के अधीन अपनी सेवा शुरू करने की तारीख से लगातार सेवा के छ: महीने पूरे कर चुकने पर उसके अगले महीने की पहली तारीख से या छ: महीने या इससे कम अवधि में 120 दिन तक काम करने पर या स्थायी घोषित कर दिए जाने पर, इनमें से जो भी पहले हो, निधि मे शामिल हो सकता है और इस प्रकार वह निधि का सदस्य बन सकता है।

टिप्पणी

120 दिन तक की काम की अवधि की गणना करते समय, कच्चे माल और ईंधन की कमी, बिजली पूर्ति न होने, उत्पादन की दिशा में परिवर्तन आने के कारण, मशीनरी में खराबी आ जाने या ऐसे ही दूसरे कारणों से उत्पन्न अनैच्छिक बेरोजगारी की अवधि के बाबत यह माना जाएगा कि कर्मचारी ने स्थापना मे काम किया है, प्राधिकृत छुट्टी की अवधि और महिला कर्मचारी के मामले में प्रसूति अवकाश की 12 सप्ताह तक की अवधि को भी ऐसे दिनों में माना जाएगा कि कर्मचारी ने इन दिनों स्थापना में काम किया है।

(2) राज्य सरकार या बिजली बोर्डों और केन्द्रीय सरकार के विभागों के पेंशन-भोगी और अधिवर्षिता की आयु प्राप्त व्यक्तियों के लिए यह विकल्प होगा कि वे बोर्ड के अन्तर्गत अपनी नौकरी के पहले दिन से निधि में शामिल हो सकते है, लेकिन सेवा समाप्त होने पर ऐसे अभिदाता को बोर्ड का अंशदान तभी देय होगा, जब तक अभिदाता बोर्ड के अधीन नौकरी करते हुए दो वर्ष पूरे कर लेगा।

(3) प्रत्येक अभिदाता निधि में शामिल होने के समय सदस्यता के लिए फार्म-1 में आवेदन करेगा।

(4) निधि का कोई भी सदस्य तब तक सदस्य बना रहेगा जब तक वह निधि में अपने नाम जमा सारी राशि निकाल नहीं लेता या जब तक विनियमों के अनुसार उसकी राशि किसी दूसरी भविष्य निधि में अंतरित नहीं हो जाती।

(5) महीने में पहली बार कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि की सदस्यता के योग्य हुए कर्मचारियों की विवरणी नियोक्ता फार्म-2 में भेजेगा।

6. विदेश सेवा या भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति :— यदि किसी अभिदाता को विदेश सेवा में स्थानान्तरित कर दिया जाता है या भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है तो भी, निधि के विनियमों के अन्तर्गत, उसे उसी प्रकार निधि का अभिदाता माना जाता रहेगा मानो उसे स्थानान्तरित नहीं किया गया है या प्रतिनियुक्ति पर नही भेजा गया है।

8. कर्मचारी की पिछली भविष्य निधि की राशि का अंतरण स्वीकार करना :—(1) न्यासी ऐसे किसी अभिदाता की पिछली भविष्य निधि की राशि स्वीकार कर लेंगे जो बोर्ड के अन्तर्गत नौकरी करने से पहले किसी ऐसी भविष्य निधि का सदस्य था जो कर्मचारी भविष्य निधि और विविध उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्धों से मुक्त है या किसी ऐसी सांविधिक निधि या भविष्य निधि का सदस्य था जिस पर भविष्य निधि अधिनियम 1925 (1925 का 19) लागू होता है। ऐसे व्यक्ति को इस निधि की सदस्यता मे एकदम शामिल कर लिया जायेगा। लेकिन इस विनियम की किसी बात से यह नहीं माना जायेगा कि बोर्ड द्वारा विनियम 13 के अन्तर्गत किया जाने वाला अंशदान निर्धारित करने के लिये इस प्रकार की अन्तरित राशि को ध्यान में रखा जायेगा और इस निधि में इस प्रकार की गई अदायगी या अन्तरण किये जाने पर निधि में इतनी ही राशि का अंशदान करने के लिये बोर्ड बाध्य नहीं होगा। ऊपर बताई गई शर्त के अधीन रहते हुए, ऐसी अन्तरित राशि, सदस्य बनने वाले व्यक्ति के खाते में जमा कर दी जायेगी और इस निधि के विनियमों के उस समय लागू उपबन्धो से नियंत्रित होगी।

(2) यदि इस निधि का कोई अभिदाता बोर्ड के अन्तर्गत नौकरी करना छोड़ देता है तो उसकी जमा राशि, बोर्ड का कर्मचारी न रहने की तारीख से ही उसे देय होगी। यदि वह कर्मचारी बोर्ड से अपनी भविष्य निधि की सारी राशि निकालने से पहले किसी ऐसे कार्यालय मे काम करना शुरू कर देता है जो भविष्य निधि और विधि उपबन्ध अधिनियम 1952 (1952 का 19) के अन्तर्गत आता है चाहे उक्त अधिनियम की धारा 17 के अधीन उसे छूट प्राप्त हो या न हो तो वह न्यासी बोर्ड को अपनी भविष्य निधि की राशि नये नियोक्ता के पास अन्तरित कराने के लिये आवेदन कर सकता है।

8. नामांकन :—(1) कर्मचारी, निधि में शामिल होते समय न्यास बोर्ड के पास एक नामांकन भेजेगा जिसमें वह, निधि की राशि देय होने से पहले ही या देय हो जाने किन्तु भुगतान न किये जाने से पहले ही अपनी मृत्यु हो जाने पर, उक्त राशि प्राप्त करने के लिये एक या अधिक व्यक्तियों को प्राधिकृत करेगा।

परन्तु यदि नामांकन करने के समय तक कर्मचारी का अपना परिवार है तो यह नामांकन उसके परिवार के ही किसी सदस्य या किन्हीं सदस्यों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के पक्ष में नहीं होगा।

(2) यदि कोई कर्मचारी उप-विनियम (1) के अन्तर्गत एक से अधिक व्यक्तियों को नामांकित करता है, तो वह नामांकन पत्र में इस बात का भी उल्लेख करेगा कि प्रत्येक नामांकित व्यक्ति को कितना- कितना हिस्सा देय हो ताकि उसकी निधि में जमा सारी राशि किसी भी समय उनमें बांटी जा सके।

(3) प्रत्येक नामांकन फार्म-1 में किया जाएगा।

(4) अभिदाता, न्यासी बोर्ड के पास एक लिखित नोटिस भेजकर किसी भी समय अपना नामांकन रद्द करा सकता है।

लेकिन अभिदाता, इस नोटिस के साथ उप-विनियम (3) के उपबंध के अनुसार नया नामांकन पत्र भी भेजेगा।

(5) कर्मचारी अपने नामांकन पत्र में ऐसी व्यवस्था कर सकता है :—

(क) यदि अभिदाता द्वारा नामांकित किसी निर्दिष्ट व्यक्ति की मृत्यु स्वयं अभिदाता से पहले हो जाती है तो उस नामांकित व्यक्ति को प्राप्त अधिकार नामांकन पत्र में उल्लेख किए गए अनुसार अन्य व्यक्ति को मिल जाएगा।

(ख) यदि नामांकन पत्र में उल्लिखित कोई आकस्मिक घटना घट जाये तो नामांकन रद्द हो जायेगा, किन्तु नामांकन करने के समय तक कर्मचारी का परिवार नहीं है तो वह अपने नामांकन-पत्र में इस बात का उल्लेख करेगा कि बाद में उसका परिवार हो जाने पर उक्त नामांकन रद्द माना जायेगा।

9. निधि की परिसम्पत्तियां:—निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित होंगे—

(क) इन विनियमों में बताये अनुसार, अभिदाताओं द्वारा अपनी पगार या वेतन या मजदूरी या परिलब्धियों में से दिया गया अंशदान ;

(ख) न्यासियों द्वारा प्राप्त अंशदान या उनकी कुल राशियां और ऐसे अंशदानों और कुल राशियों पर ब्याज और उससे खरीदी गई प्रतिभूतियां और केवल निधि की पूंजीगत परिसम्पत्ति के अन्तरण से प्राप्त हुआ कोई पूंजीगत लाभ ;

(ग) जहां इन विनियमों के अन्तर्गत अन्तरणों की अनुमति हो, वहां दूसरी भविष्य निधियों से अन्तरित राशि;

(घ) इन विनियमों के अन्तर्गत निधि में जब्त हुई राशि;

(ङ) बोर्ड से प्राप्त दान, यदि कोई हो।

10. निधि की परिसम्पत्तियां और उनकी व्यवस्था:—निधि की परिसम्पत्तियों और उसकी व्यवस्था का भार विधिवत् बनाए गए ट्रस्ट पर होगा, जो "अपरिवर्तनीय होगा लेकिन लाभ प्राप्त करने वाले सभी सदस्यों की सहमति से उसमें परिर्तन किया जा सकेगा। न्यासियों के पास निधि की जो राशि होगी उसमें से कोई भी रकम बोर्ड वसूल नहीं कर सकेगा, लेकिन आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के अन्तर्गत विहित मामलों में या बोर्ड द्वारा उपयुक्त समझे जाने वाले अन्य यथार्थ कारणों के आधार पर बोर्ड उसमें से राशि वसूल कर सकता है।

11. निधि में अभिदान और अंशदान :—(1) प्रत्येक सदस्य, हर महीने अपने वेतन के 8-1/3 के बराबर निकटतम रकम निधि में अभिदान करेगा। अभिदान की यह रकम-चौथाई रुपये कर दी जाएगी।

टिप्पणी :—छुट्टी-वेतन वाली छुट्टी के दौरान अभिदाता, अपनी इच्छानुसार वास्तव में लिये गये छुट्टी वेतन के आधार पर या छुट्टी पर जाने से तुरन्त पहले लिये गये पूरे वेतन के आधार पर अभिदान करेगा।

(2) अनिवार्य अभिदान के साथ साथ कोई सदस्य, अपनी इच्छा से अनिवार्य अभिदान और सरकार और बोर्ड की कटौतियों के बाद बचे उच्चतम वेतन में से हर महीने पूरे-पूरे रुपयों में एक निश्चित रकम जमा करा सकता है। यदि वित्त वर्ष शुरू होने से पहले से अभिदान की दर में कोई परिवर्तन न किया जाये तो ऐच्छिक अभिदान और दूसरे अभिदान की दर वर्ष भर एक सी रहेगी।

इस ऐच्छिक अभिदान पर, बोर्ड के विनियमों के अन्तर्गत ब्याज के अलावा, कोई अंशदान नहीं किया जाएगा।

(3) नियोक्ता, अंशदानों का विवरण तथा महीने की विवरणी फार्म 3 और 4 में भेजेगा।

12. वसूली

(1) प्रत्येक कर्मचारी का अभिदान स्रोत पर ही उसकी पगार या मजदूरी के प्रत्येक आवधिक भुगतान में से वसूल कर लिया जायेगा और निधि के बही खातों में कर्मचारियों के व्यक्तिगत खातों में जमा किये जाने के लिये न्यासी बोर्ड को भेज दिया जायेगा।

(2) यदि कोई अभिदाता, विदेश सेवा में हो और विदेशी नियोक्ता से अपनी पगार पाता हो तो अभिदाता का यह दायित्व होगा कि वह अपना मासिक अंशदान, निधि के न्यासियों के पास भेजे। विदेश सेवा में नियुक्त अभिदाता के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा देय अंशदान विदेशी नियोक्ता से वसूल किया जायेगा।

13. बोर्ड द्वारा अंशदान

बोर्ड, इन विनियमों के अतर्गत, हर महीने प्रत्येक सदस्य के सम्बन्ध में, उसके अनिवार्य अभिदान की कुल राशि के बराबर रकम का अंशदान करेगा। इस प्रकार किया गया अंशदान निधि के बहीखातों में सदस्य के व्यक्तिगत खाते में जमा करने के लिये न्यासी बोर्ड के पास भेज दिया जायेगा।

14. निधि का प्रबन्ध

निधि की अभिरक्षा, नियंत्रण और प्रबन्ध, इस प्रयोजन के लिये विधिवत बनाये गये न्यासी बोर्ड के हाथ में होगा, जो अपरिवर्तनीय होगा। लेकिन लाभ प्राप्त करने वाले सभी सदस्यों की सहमति से इस बोर्ड में परिवर्तन किया जा सकता है। लेखा रखने, लेखे और विवरणियां प्रस्तुत करने, जमा राशियों का अन्तरण करने, निरीक्षण प्रभार की अदायगी

करने और ऐसे दूसरे खर्चों सहित निधि की व्यवस्था संबंधी सभी खर्च बोर्ड द्वारा वहन किये जायेंगे।

15. बोर्ड के न्यासी

निधि के न्यासी बोर्ड के सदस्यों में नंगल, सुन्दरनगर और तलवाड़ा स्थित सिंचाई स्कंध के स्टाफ का एक-एक प्रतिनिधि होगा और बिजली खंड के स्टाफ का एक प्रतिनिधि होगा। बोर्ड, मान्यता प्राप्त यूनियनों से परामर्श करने के बाद इन प्रतिनिधियों को नियुक्त करेगा। प्रबंध पक्ष का प्रतिनिधित्व मुख्य इंजीनियर (सिंचाई), मुख्य इंजीनियर (बिजली) तथा वित्त सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी करेंगे। सदस्य/सिंचाई न्यासी बोर्ड का अध्यक्ष होगा, वित्त सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी, न्यासी बोर्ड का कार्यकारी अधिकारी होगा।

16. न्यासी बोर्ड की बैठकें

(1) निधि का न्यासीबोर्ड, अध्यक्ष द्वारा निर्धारित स्थान और समय पर बैठकें करेगा।

(2) अध्यक्ष जब भी उचित समझे तब और बोर्ड के 1/3 सदस्यों से लिखित मांग प्राप्त होने के सात दिन के भीतर बैठक बुलाएगा।

(3) प्रत्येक साधारण बैठक के लिए न्यासी बोर्ड के प्रत्येक सदस्य के पास, डाक में डालने की तारीख से कम से कम 7 दिन का नोटिस, यथास्थिति रजिस्ट्रीकृत डाक या विशेष संदेशवाहक द्वारा, भेजा जाएगा। इस नोटिस में प्रत्येक आम बैठक की तारीख, समय और स्थान का उल्लेख होगा और उसके साथ बैठक में विचार-विमर्श किए जाने वाले विषयों की सूची भी संलग्न होगी।

लेकिन, यदि अध्यक्ष किसी ऐसे मामले पर विचार करने के लिए बैठक बुलाता है जिसे वह अत्यावश्यक समझता है तो इसके लिए नोटिस के लिए वह जितना समय उचित समझे उतना समय ही पर्याप्त माना जएगा।

(4) अध्यक्ष, न्यासियों की जिस बैठक में उपस्थित हो, यथास्थिति उस प्रत्येक बैठक की वह अध्यक्षता करेगा। यदि कभी अध्यक्ष अनुपस्थित हो तो उपस्थित सदस्य, बैठक की अध्यक्षता करने के लिए किसी एक सदस्य का चुनाव करेंगे जो बैठक के दौरान अध्यक्ष की सभी शक्तियों का प्रयोग करेगा।

(5) न्यासियों की किसी भी बैठक में चार न्यासियों के उपस्थित रहने पर ही कोरम पूरा होगा लेकिन इनमें दो अभिवाताओं के प्रतिनिधि होने चाहिए। अध्यक्ष को न्यासी के रूप में अपने मत के साथ-साथ न कि अपने मत के बदले, निर्णायक मत देने का भी अधिकार होगा। न्यासियों की किसी भी बैठक में, जिसमें कोरम पूरा है, बहुमत का निर्णय ही अन्तिम होगा और न्यासियों को मान्य होगा।

(6) यदि किसी बैठक में उपस्थित न्यासियों की संख्या चार से कम हो, अर्थात् दो प्रतिनिधि प्रबंध पक्ष के और दो कर्मचारी पक्ष के न हों तो अध्यक्ष एक लिखित नोटिस जारी करके मूल बैठक की तारीख से अधिकतम सात दिन बाद तक के लिए बैठक स्थागत कर देगा और न्यासियों को स्थगित बैठक की तारीख, समय और स्थान भी सूचित करेगा और इस स्थगित बैठक में काम का निपटान कर लेना वैध होगा भले ही उपस्थित न्यासियों की संख्या कुछ भी हो।

(7) भाखड़ा-व्यास प्रबंध बोर्ड की जब तक इच्छा हो तब तक अध्यक्ष अपने पद पर रहेगा।

(8) कामगारों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की, न्यासी बोर्ड की सदस्यता की अवधि तीन वर्ष होगी जो भाखड़ा-व्यास प्रबंध बोर्ड द्वारा अधिसूचित की गई उनकी नियुक्ति की तारीख से शुरू मानी जाएगी।

लेकिन, ऐसा कोई भी सदस्य उक्त वर्ष की अवधि समाप्त होने पर भी तब तक इस पद पर रहेगा, जब तक भाखड़ा-व्यास प्रबंध बोर्ड उसके उत्तराधिकारी सदस्य की नियुक्ति अधिसूचित नहीं करता।

17. यदि कभी किसी न्यासी या न्यासियों की मृत्यु हो जाती है या वह इस्तीफा दे देता है, या न्यासी के रूप में काम करने से इंकार कर देता है या बोर्ड के मत में वह इस रूप में कार्य करने के लिए अनर्ह, असमर्थ या अयोग्य हो जाता है या बोर्ड की नौकरी में नहीं रहता है तो बोर्ड, इन विनियमों के अनुसार किसी दूसरे सक्षम व्यक्ति या व्यक्तियों को नए न्यासी के रूप में नामजद करेगा और ऐसी हर नियुक्ति पर निधि की परिसम्पत्तियां स्वतः ही नए न्यासी या न्यासियों और शेष जीवित या इस पद पर निरन्तर कार्य कर रहे न्यासियों को संयुक्त रूप से सौंप दी जाएगी।

18. कार्य

(1) इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार निधि का प्रबंध करने की जिम्मेदारी न्यासियों पर होगी।

(2) कार्यकारी अधिकारी, जो बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने वाले न्यासियों में से ही एक होगा, न्यासी बोर्ड की ओर से निधि के प्रबंध के बारे में पत्र व्यवहार कर सकता है।

(3) न्यासियों द्वारा या उनकी ओर से प्राप्त किए गए धन (चक और नकदी) की रसीदें और निधि के बैंक के खातों के लिए चक भी, न्यासियों की ओर से लेखा अधिकारी द्वारा या उसके प्रतिनिधि द्वारा जिसे इस प्रयोजन के लिए न्यासी बोर्ड द्वारा नामिक किया गया है, जारी किए जाएंगे, काटे जाएंगे, हस्ताक्षर किए जाएंगे या पृष्ठांकित किए जाएंगे। यह कार्य न्यासी बोर्ड द्वारा यदि कोई शर्तें निर्धारित की गई हों तो उन शर्तों के अधीन होगा।

19. निधि का निवेश

(1) निधि का सारा धन, केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर बताए गए ढंग से और आयकर नियमावली 1962 के नियम 67 के उपबन्धों के अनुसार निवेश किया जाएगा।

(2) किसी निवेश के होने वाली हानि, यदि कोई हो, को छोड़कर, निधि की व्यवस्था के संबंध में होने वाले

सभी खर्च, बोर्ड द्वारा वहन किए जाएंगे और ऊपर बताए गए नुकसान आदि की पूर्ति निधि में से की जाएगी ।

(3) भविष्य निधि में किए गए अंशदान का सारा धन (चाहे यह अंशदान कर्मचारी द्वारा किया गया हो या नियोक्ता द्वारा) या ब्याज में या अन्य किसी तरीके से निधि को प्राप्त हुई पूरी राशि का निवेश कर दिया जाएगा ।

(4) किन्तु भविष्य, निधि को मान्यता दिए जाने की तारीख के बाद कर्मचारियों द्वारा किए गए अंशदान का और इस प्रकार के अंशदानों की संचित राशि पर प्राप्त ब्याज का निवेश जिन प्रतिभूतियों में किया जाय, सभी मामलों में वे प्रतिभूतियां, पूंजी और ब्याज दोनों के ही मामले में, भारत में देय हों ।

20. ब्याज का लेखा

निधि के बहीखातों में ब्याज का लेखा भी रखा जाना चाहिए और वित्त वर्ष के दौरान निधि के निवेशों पर या बैंक में जमा की गई राशियों पर प्राप्त ब्याज इस लेखे में जमा किया जाएगा और निवेश पर या बैंक में जमा राशियों पर हुए खर्चों और आकस्मिक प्रभारों को भी इसी लेखे में नामें डाला जाएगा ।

21. आरक्षित निधि लेखा

निधि के बहीखातों में आरक्षित निधि लेखे भी रखे जाएंगे जिसमें प्रतिभूतियों को बेचने से प्राप्त लाभ और निधि में विनियोजित या जब्त की गई राशि जमा की जाएगी । प्रतिभूतियों के बेचने के कारण होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान को आरक्षित निधि लेखे के नामे ही डाला जाएगा ।

22. ब्याज

(1) न्यासी बोर्ड, ब्याज और आरक्षित निध लेखों की पूरी स्थिति को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड से परामर्श करने के बाद प्रत्येक सदस्य के लेखे में उस दर से ब्याज जमा करेगा जो न्यासियों द्वारा प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए निर्धारित की जाय । इस प्रकार जमा या नामे डाले गए ब्याज की कुल राशि, अगले वित्त वर्ष के ब्याज लेखे में डाल दी जायगी ।

(2) ब्याज, प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च से निम्नलिखित तरीके से जमा किया जायगा :—

(क) पिछले वर्ष की 31 मार्च तक सदस्य की जमा राशि घटा चालू वर्ष के दौरान निकाली गई राशि पर बारह महीने का ब्याज ।

(ख) चालू वर्ष के दौरान निकाली गई राशियों पर, चालू वर्ष की पहले अप्रैल से लेकर राशि निकालने के महीने से पिछले महीने के आखिरी दिन तक का ब्याज ।

(ग) चालू वर्ष के दौरान, सदस्य के लेखे में जमा पूरी राशि पर, जमा किए जाने के महीने की पहली तारीख से चालू वर्ष के 31 मार्च तक का ब्याज ।

बशर्ते कि सदस्य के नाम जमा राशि जब देय हो गई हो तो उस पर ब्याज केवल चालू वर्ष के आरंभ होने से या फिर सदस्यता शुरू होने की तारीख से भुगतान प्राधिकृत किए जाने की तारीख तक जमा किया जाएगा ।

23. तुलन-पत्र और लेखा-परीक्षा

प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च के तुरन्त बाद एक तुलन-पत्र 31 मार्च की स्थिति के अनुसार तैयार किया जाएगा । तुलन-पत्र बनाते समय निवेशों का मूल्यांकन उनकी लागत पर ही किया जाएगा और मूल्य वृद्धियां मूल्यह्रास को हिसाब में नहीं लिया जाएगा । तुलन-पत्र और लेखों की लेखा-परीक्षा, भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड के लेखा-परीक्षकों द्वारा समय-समय पर की जायगी । 31 मार्च तक का तुलन-पत्र फार्म-5 में तैयार किया जाएगा ।

24. वार्षिक विवरण

न्यासी बोर्ड, किसी भी सदस्य को आवश्यकता पड़ने पर, वर्ष में एक बार, पर एक बार से अधिक नहीं, निधि में सदस्य की जमा कुल राशि के बारे में बताएगा । जिस महीने तक का उसका लेखा लिख दिया गया है उस महीने के अंत में उसकी जो राशि होगी वह उसे बताई जाएगी । यह सदस्य देख लें कि वार्षिक विवरण ठीक है या नहीं और यदि कोई भूल हो तो उसके बाबत, विवरण प्राप्त होने से एक महीने के अंदर न्यासी बोर्ड को सूचित किया जाए । अभिदाता को, वर्ष का वार्षिक लेखा-विवरण फार्म 6 में दिया जाएगा ।

24 क. वार्षिक अंशदान कार्ड

प्रत्यक नियोक्ता के पास जितने भी सदस्य नियुक्त हों उनके बारे में अंशदान कार्ड की अवधि समाप्त होने की तारीख से एक महीने के अन्दर, वह लेखा अधिकारी को फार्म 7 और 8 में वार्षिक अंशदान कार्ड और वार्षिक अंशदान विवरण भेजेगा ।

25. किन परिस्थितियों में आहरणों की अनुमति दी जाएगी

1. भविष्य निधि का कार्यकारी अधिकारी नीचे लिखी परिस्थितियों में आहरणों की अनुमति दे सकता है :—

(क) कर्मचारी की या उसके परिवार के किसी सदस्य की बीमारी के संबंध में हुए खर्चे के भुगतान के लिए ।

(ख) नीचे लिखे मामलों में, कर्मचारी पर वास्तव में आश्रित उसके किसी बच्चे की उच्चतर शिक्षा संबंधी खर्च पूरा करने के लिए, इसमें, जहां भी आवश्यक हो वहां, बच्चे की यात्रा संबंधी व्यय भी शामिल होगा, अर्थात्:—

(i) हाई स्कूल स्तर के बाद, शैक्षणिक, तकनीकी, वृत्तिक या व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में, भारत के बाहर शिक्षा, और

(ii) हाई स्कूल स्तर के बाद भारत में अभियांत्रिकी, इंजीनियरी या किसी अन्य तकनीकी या विशेषज्ञतापूर्ण पाठ्यक्रमों में शिक्षा, बशर्ते कि अध्ययन का पाठ्यक्रम तीन वर्ष से कम का न हो ।

(ग) कर्मचारी की या उसके परिवार के किसी सदस्य की, भारत के बाहर के किसी स्थान की यात्रा के खर्चे के भुगतान के लिए ।

(घ) विवाह, अन्त्येष्टि या ऐसे उत्सवों सम्बन्धी खर्चों के भुगतान के लिए जिन्हें कर्मचारी को अपने धर्म के अनुसार सम्पन्न करना लाजिमी हो ।

(ङ) मकान बनाने या स्थल खरीदने या मकान और स्थल खरीदने संबंधी खर्च पूरा करने के लिए; बशर्ते कि कर्मचारी न्यासियों को इस आशय का वचन दे कि ऐसे मकान या यथास्थिति स्थल या मकान और स्थल को वह ऋणग्रस्त या हस्तान्तरित नहीं करेगा ।

(च) कर्मचारी की या उसकी पत्नी की जीवन बीमा पालिसियों की किस्तें देने के लिए बशर्ते कि पालिसी निधि के न्यासियों को समनुदेशित की गई हो या उनके स्वविवेक पर उनके पास जमा की गई हो और किस्तों के लिए बीमा कम्पनी द्वारा दी गई रसीदें, समय-समय पर आयकर अधिकारी द्वारा निरीक्षण किए जाने के लिए न्यासियों को सौंप दी जाएं ।

(छ) अपनी सरकारी ड्यूटी का पालन करने में उसके द्वारा किए गए या किया गया भासित हुए किसी कृत्य के बारे में उसके विरुद्ध लगाए गए किसी आरोप के बारे में कर्मचारी द्वारा दायर की गई कानूनी कार्रवाई में अपने आप को निर्दोष सिद्ध करने के खर्चे की पूर्ति के लिए या उसके किसी सरकारी कदाचार के संबंध में किसी विधि न्यायालय में जब नियोक्ता द्वारा उस पर अभियोग चलाया गया हो तो अपने बचाव के खर्चे की पूर्ति के लिए ।

किन्तु इस खण्ड के अन्तर्गत पेशगी ऐसे कर्मचारी को अनुज्ञेय नहीं होगी जो अपनी सरकारी ड्यूटी में असम्बद्ध किसी मामले के संबंध में या सेवा संबंधी किसी शर्त के बारे में या उस पर लगाए गए किसी दण्ड के बारे में किसी विधि न्यायालय में कानूनी कार्रवाई दायर करता है ।

स्पष्टीकरण —उप-विनियम (1) के प्रयोजन के लिए "परिवार" का अर्थ है कर्मचारी पर पूर्णतः आश्रित कोई व्यक्ति अर्थात् कर्मचारी की पत्नी, विधि सम्मत बच्चे, सौतेले बच्चे, माता-पिता, बहिनें और अवयस्क भाई ।

(2) भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि से अग्रिम लेने के लिए आवेदन फार्म 9 में किया जाएगा ।

26 विभिन्न प्रयोजनों के लिए आहरण संबंधी शर्तें

(1) विनियम 25 के उप विनियम (1) के खण्ड (घ) में यथा निर्दिष्ट विवाह पर खर्चे के संबंध में आहरणों की राशि छ महीने के वेतन से या कर्मचारी के लेखे में जमा छूट प्राप्त अंशदान तथा उस पर छूट प्राप्त ब्याज की कुल राशि, इनमें से जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी ।

(2) नियम 25 के उप विनियम (1) के खण्ड (ङ) में निर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए आहरण नीचे लिखी शर्तों के अधीन होगा :—

(क) आहरण की राशि, कर्मचारी के खाते में जमा राशियों के आधे से या मकान या स्थल की अथवा दोनों की वास्तविक कीमत से, जो भी कम हो, अधिक नहीं होगी ।

(ख) कर्मचारी ने 20 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो या आगामी 10 वर्षों में वह सेवा निवृत्त होने वाला हो ।

(ग) मकान का निर्माण, आहरण से छ: महीने के भीतर शुरू हो जाना चाहिए और निर्माण शुरू किए जाने की तारीख से एक वर्ष के भीतर पूरा हो जाना चाहिए ।

(घ) यदि आहरण, मकान या मकान के लिए स्थल खरीदने अथवा दोनों के लिए किया गया हो तो आहरण की तारीख से छ: महीने के भीतर खरीद कर ली जानी चाहिए ।

(ङ) यदि आहरण, मकान के निर्माण या खरीद के प्रयोजन के लिए पहले लिए गए ऋण को चुकाने के लिए किया गया हो तो आहरण किए जाने से तीन महीनों के भीतर ऋण चुका दिया जाना चाहिए ।

(च) जहां आहरण, मकान के निर्माण के लिए हो, वहां दो या अधिक (किन्तु चार से अधिक नहीं) बराबर-बराबर किस्तों के आहरण की अनुमति दी जाएगी और पहले किए गए आहरण का उपयोग वास्तव में कर लिए जाने के बाबत, न्यासियों द्वारा सत्यापन कर लिए जाने के बाद ही परवर्ती किस्तों की अनुमति दी जाएगी ।

(छ) आहरण की अनुमति उसी हालत में दी जाएगी जब मकान या स्थल ऋण ग्रस्त न हो और ऐसे भवन, या मकान या जमीन की संयुक्त सम्पत्तियों में हिस्सा खरीदने के लिए आहरण की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसका स्वामित्व बंटा हुआ हो ।

(ज) आहरण की गई राशि यदि मकान या स्थल या दोनों की खरीद या निर्माण की वास्तविक

कीमत से अधिक हो या यदि राशि का आहरण जिस प्रयोजन के लिए किया गया है उस प्रयोजन के लिए उसका उपयोग न किया जाए तो यथा-स्थिति अधिक राशि या समूची राशि फौरन ही एकमुश्त न्यासियों को लौटा दी जाएगी। लौटाई गई राशि भविष्य निधि में कर्मचारी के लेखे में जमा की जाएगी।

(3) विनियम 25 के उप विनियम (1) के खण्ड (छ) में बताए गए प्रयोजनों के लिए आहरण की राशि, तीन महीने के वेतन या रु० 500/- जो भी अधिक हो, से ज्यादा नहीं होगी, किन्तु किसी भी हालत में कर्मचारी के लेखे में जमा राशि के आधे से अधिक नहीं होगी।

(4) विनियम 25 के उप-विनियम (1) में बताए गए किसी अन्य प्रयोजन के लिए आहरण की राशि, तीन महीने के वेतन या कर्मचारी के खाते में जमा छूट प्राप्त अंशदान तथा छूट प्राप्त ब्याज की कुल संचित राशि, दोनों में जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी।

(5) इस विनियम के प्रयोजन के लिए "वेतन" का अर्थ है, आहरण मंजूर किए जाने के समय कर्मचारी जिस वेतन का हकदार है वह वेतन या विनियम (2) के उप-विनियम (6) में उल्लिखित कर्मचारी के मामले में (यदि कोई वेतन वृद्धियां हों तो उन वेतन वृद्धियों समेत) वह वेतन जो यदि वह संघ की सशस्त्र सेनाओं में भरती नहीं हुआ होता या राष्ट्रीय सेवा में नहीं लिया गया होता या राष्ट्रीय सेवा में नौकरी में नहीं गया होता तो उसे मिलता होता।

27. दूसरा आहरण

(1) नीचे दिए गए उप-विनियम (2) के अलावा दूसरे आहरण की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि पहले आहरण की पूरी राशि चुका नहीं दी जाती।

(2) आहरण के लिए निम्न स्थितियों में अनुमति दी जा सकती है :—

(क) विनियम 25 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ङ) या खंड (च) के उल्लिखित किसी भी प्रयोजन के लिए भले ही उसी कार्य के लिए पहले आहरण की गई राशि चुकता न की हो;

(ख) विनियम 25 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए भले ही विनियम 25 के उक्त उप-विनियम (1) के खण्ड (ङ) या (च) में उल्लिखित किसी कार्य के लिए पहले आहरण की गई राशि चुकता न की गई हो।

28. आहरण की गई राशियों की चुकौती

(1) जहां विनियम 25 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ङ) या खण्ड (च) में बताए गए प्रयोजन के लिए आहरण की अनुमति दी गई हो वहां आहरण की गई राशि को चुकाना आवश्यक नहीं है किन्तु विनियम 26 के उप- विनियम (2) के खण्ड (ज) के उपबंध लागू होंगे।

(2) जहां नियम 25 के उप-विनियम (1) के खण्ड (घ) में बताए अनुसार विवाहों के संबंध में आहरण की अनुमति दी गई हो वहां आहरण की गई राशि, अधिक से अधिक अड़तालीस बराबर-बराबर मासिक किस्तों में चुकाई जाएगी।

(3) जहां किसी अन्य प्रयोजन के लिए आहरण की अनुमति दी गई हो वहां आहरण की गई राशि अधिक से अधिक चौबीस बराबर-बराबर मासिक किस्तों में चुकाई जाएगी।

(4) नियोक्ता ऊपर बताई गई किश्तें कर्मचारी के वेतन में से काट लेगा और निधि के न्यासियों को अदा करेगा। ये कटौतियां, आहरण के बाद वेतन के दूसरे महीने के भुगतान से आरंभ होंगी या यदि कर्मचारी बिना वेतन के छुट्टी पर है तो उस स्थिति में ये कटौतियां उसके कार्यभार ग्रहण करने के बाद दूसरे महीने के वेतन के भुगतान से आरंभ होंगी।

29. आहरण की गई राशि यदि चुकाई न जाय तो उसे आय समझा जाएगा :—

विनियम 28 के उप-विनियम (2) या उप-विनियम (3) के अनुसार देय किश्तें न चुकाए जाने या रकम का आहरण जिस प्रयोजन के लिए किया गया हो उसके लिए उसका उपयोग न किए जाने के मामले में आयकर आयुक्त अपने विवेक से इस आशय के आदेश दे सकेगा कि आहरण की गई राशि या बकाया राशि को कर्मचारी की उस वर्ष की कुल आय में जोड़ दिया जाए जिस वर्ष में यह चूक हुई हो या जिस वर्ष में अंतिम रूप से यह मान लिया गया हो कि रकम का आहरण जिस प्रयोजन के लिए किया गया था उस प्रयोजन के लिए रकम खर्च नहीं की गई है और आयकर अधिकारी तदनुसार उस कर्मचारी के आयकर का निर्धारण करेगा।

30. सेवा निवृत्ति से पहले ली गई छुट्टी के दौरान आहरण :—

विनियम 25 और 29 में किसी बात के रहते हुए, भविष्य निधि के न्यासियों को इस बात की छूट होगी कि यदि कोई कर्मचारी सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी लेता है तो उस कर्मचारी के खाते में जमा राशि की नब्बे प्रतिशत राशि के आहरण की अनुमति दे दें, बशर्ते कि अपनी छुट्टी की समाप्ति पर यदि वह पुनः ड्यूटी पर आ जाता है तो आहरण की गई राशि को वह निधि के विनियमों द्वारा अनुज्ञेय दर पर ब्याज सहित लौटा देगा।

31. सदस्य के लेखे का अन्य सरकार/उपक्रम को अन्तरण :—

यदि कोई सदस्य स्थायी तौर से बोर्ड की नौकरी छोड़ देता है और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार की नौकरी

में या किसी ऐसी फर्म या प्रतिष्ठान की नौकरी मे चला जाता है जो कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1925 या आय कर अधिनियम, 1961 के अधीन मान्यता प्राप्त किसी भविष्य निधि के अन्तर्गत आता है तो उसके लेखे में जमा कुल राशि उसकी इच्छा से और नए नियोक्ता की सहमति से उस नियोक्ता को अन्तरण कर दी जाएगी। लेखे के अन्तरण के लिए आवेदन पत्र फार्म 10 मे दिया जाए।

32. ऐसी परिस्थितियां जिनमे निधि की संचित राशि देय हो जाती है :—

(1) जब कोई सदस्य, सदस्यता के 15 वर्ष पूरे करने के बाद बोर्ड की नौकरी को स्वेच्छा से छोड़ देता है या कदाचार के अलावा किसी अन्य कारण से, बोर्ड द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाती हैं तो निधि में उसके नाम जमा राशि उसको दे दी जाएगी।

(2) यदि उपरोक्त उप-विनियम (1) मे बताई गई परिस्थितियों में कोई सदस्य, सदस्यता के 15 वर्ष पूरे होने से पहले नौकरी छोड़ देता है तो उसके अभिदान की राशि तथा ब्याज और नीचे दी गई प्रतिशतता के अनुसार बोर्ड के अंशदान की राशि का और उस पर अर्जित ब्याज का भुगतान उस सदस्य को कर दिया जाएगा। बोर्ड के अंशदान और ब्याज की शेष राशि को आरक्षित निधि लेखों मे विनियोजित कर दिया जाएगा।

सदस्यता की अवधि	अंशदान की प्रतिशतता और उस पर देय ब्याज
3 वर्ष से कम	25 प्रतिशत
3 वर्ष और उससे अधिक लेकिन 5 वर्ष से कम	50 प्रतिशत
5 वर्ष या उससे अधिक लेकिन 10 वर्ष से कम	75 प्रतिशत
10 वर्ष या उससे अधिक लेकिन 15 वर्ष से कम	85 प्रतिशत
15 वर्ष या उससे अधिक	100 प्रतिशत

टिप्पणी :—(i) ऐसे कर्मचारी जो इस विनियमावली के विनियम 7 के उप-विनियम (1) के अन्तर्गत सदस्य मान लिए गए हैं उनके मामले मे इस विनियम के उप-विनियम (1) और (2) के प्रयोजन के लिए सदस्यता में पिछले नियोक्ता के अधीन की गई सेवाएं भी शामिल हैं।

(ii) जिन शिक्षुओं को नियमित कर्मचारियों के रूप मे नियुक्त कर दिया गया हो उनके मामले में शिक्षुता की अवधि को इस विनियम के अधीन अर्हक सेवा नहीं माना जाएगा।

(iii) बोर्ड द्वारा अपने कर्मचारियों की संख्या कम कर दिए जाने पर जब कोई सदस्य नौकरी छोड़ता है या वह हमेशा के लिए पंगु हो जाता है या उसकी सेवा-निवृत्ति की आयु हो जाती है या उसकी नौकरी की ठेका अथवा अवधि समाप्त हो जाती है तो निधि में जमा पूरी राशि उसको दी जाएगी।

(3) अभिदाता को अपने हिसाब मे जमा राशि के अन्तिम आहरण के लिए आवेदन-पत्र फार्म-II में दिया जाना चाहिए।

33. नौकरी से बरखास्तगी :—

(1) केवल उन स्थितियों के अलावा, जहां कर्मचारी को कदाचार के कारण बरखास्त कर दिया गया हो, या निधि के विनियमों में इस हेतु विहित सेवा की अवधि पूरी होने से पहले ही कर्मचारी खराब स्वास्थ्य के कारणों के अलावा अन्य किसी कारण से नौकरी छोड़ देता है नियोक्ता को निधि से कोई भी राशि वसूल करने का अधिकार नही होगा ;

परन्तु ऐसे मामलों में नियोक्ता द्वारा की गई वसूलियां, उसके द्वारा इस निधि के विनियमों के अनुसार कर्मचारी के वैयक्तिक खाते में किए गए अंशदानों और इन अंशदानों के संबंध में जमा किए गए ब्याज और इनकी संचित राशियों तक सीमित रहेंगी।

(2) उपर्युक्त उप-विनियम (1) द्वारा प्रदत्त जब्ती के अधिकार का प्रयोग करने के पहले संबंधित व्यक्ति को लिखित रूप से नोटिस देकर इस बात का कारण बताने के लिए कहा जाएगा कि जब्ती क्यों न की जाय और जब्ती की राशि का निर्धारण सदस्य द्वारा किए गए आवेदन को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा;

(3) उपर्युक्त उप-विनियम (1) के अधीन जब्त की गई राशि पर पुनर्विचार भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड कर्मचारी अंशदान भविष्य निधि के न्यास द्वारा, अपने आप ही या नियोक्ता के या सदस्य के अनुरोध पर किया जा सकेगा;

(4) उपर्युक्त उप-विनियम (1) के अधीन सदस्य के व्यक्तिगत लेखे से जब्त की गई राशि की निधि के आरक्षित लेखे में जमा कर दिया जाएगा :।

34. मृत सदस्य को जमा राशि का भुगतान :—

सदस्य की मृत्यु हो जाने पर, उसकी सेवा की अवधि भले ही कितनी ही रही हो, कार्यकारी अधिकारी सदस्य की मृत्यु के समय उसके नाम में जमा सारी राशि का भुगतान इस

विनियमावली के उपबंधों के अनुसार करेगा । मृत व्यक्ति की संचित राशि का भुगतान परिवार के सदस्य (सदस्यों) नामांकित व्यक्ति (व्यक्तियों) को किए जाने के लिए फार्म-12 में आवेदन करना होगा ।

35. मृत सदस्य की संचित राशि का भुगतान किसे किया जाएगा :—

मृत सदस्य को निधि से देय राशि का भुगतान नीचे लिखे अनुसार किया जाएगा :—

(क) यदि विनियम 8 के उपबंधो के अनुसार सदस्य द्वारा अपने परिवार के किसी सदस्य या सदस्यों के पक्ष में किया गया नामांकन अस्तित्व में हो तो निधि में सदस्य के नाम जमा राशि या उसके जितने भाग के संबंध में नामांकन हो उतना भाग उसके नामांकित व्यक्ति या व्यक्तियों को, नामांकन में बताए गए अनुपात में देय हो जाएगा ।

(ख) यदि उसके परिवार के किसी सदस्य या सदस्यों के पक्ष में इस प्रकार का नामांकन अस्तित्व में नहीं है या यदि निधि में उसके नाम जमा राशि के केवल एक भाग के बारे में ही नामांकन हो तो, यथा-स्थिति समूची राशि या उसका वह भाग जिसके संबंध में नामांकन नहीं है, उसके परिवार के सदस्यों को बराबर-बराबर हिस्सों में देय होगी ।

किन्तु निम्नलिखित को कोई हिस्सा देय नहीं होगा :—

(i) जिन पुत्रों ने विधिक वयस्कता प्राप्त कर ली हो;

(ii) मृत पुत्र के जिन पुत्रों ने विधिक रूप से वयस्कता प्राप्त कर ली हो;

(iii) विवाहित पुत्रियां जिनके पति जीवित हों;

(iv) मृत पुत्र की विवाहित पुत्रियां जिनके पति जिन्दा हों ।

यदि (i), (ii), (iii), और (iv) में बताए गए व्यक्तियों के अलावा परिवार का कोई अन्य सदस्य हो तो मृत पुत्र की विधवा या विधवाओं और बच्चे या बच्चों को आपस में बराबर बराबर भागों में केवल उतना हिस्सा ही मिलेगा जितना कि उसे, सदस्य की मृत्यु के बाद जीवित रहने और सदस्य की मृत्यु के समय विधिक वयस्कता प्राप्त न होने की स्थिति में मिलता ।

(ग) जहां किसी मृत सदस्य के मामले में उपरोक्त (क) और (ख) के उपबंध लागू न होते हों वहां समस्त रकम उन व्यक्तियों को देय होगी जो उसके लिए कानूनी तौर पर हकदार हों ।

टिप्पणी :—इस विनियम के प्रयोजन के लिए, सदस्य के मरणोपरान्त जन्मे बच्चे को, यदि जीवित जन्मा हो तो, सदस्य की मृत्यु से पहले जन्मे जीवित बच्चे की भांति ही माना जाएगा ।

36. कुर्की, समनुदेशन, आदि से सुरक्षा :—

कर्मचारी भविष्य निधि और विविध उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 10 के उपबंधों के अनुसार किसी भी सदस्य के लेखे में जमा राशि, चाहे वह सदस्य सेवा में हो या सेवा-निवृत्त हो चुका हो या उसकी मृत्यु हो गई हो, किसी भी समनुदेशन, ऋणभार या न्यायालय की डिग्री से संरक्षित रहेगी और यह संरक्षण मृत सदस्य के नामांकित व्यक्तियों या उत्तराधिकारियों को या विधिक प्रतिनिधियों को भी मिलेगा ।

37. परिवार पेंशन और जमा-राशि से सम्बद्ध बीमा योजना के लाभ :—

बोर्ड द्वारा जो भी कर्मचारी परिवार पेंशन और कर्मचारी की जमा राशि से सम्बद्ध बीमा योजनाएं बनाई जाएं, निधि के सदस्य उन योजनाओं का लाभ पाने के हकदार होंगे ।

38. मरणोपरान्त सहायता निधि के लाभ :—

मृत सदस्य के नामांकित व्यक्तियों को या उत्तराधिकारियों को आर्थिक सहायता देने के लिए मरणोपरान्त सहायता निधि की स्थापना की जाएगी ताकि मृत सदस्य के नामांकित व्यक्तियों या उत्तराधिकारियों को कम से कम 750/— रु० की सहायता निश्चित रूप से दी जा सके । निधि के आरक्षित और जब्ती लेखे में समय-समय पर आवश्यक राशि इस निधि में अंतरित की जाएगी । मरणोपरान्त सहायता निधि का लाभ, ऐसे मृत सदस्यों के नामांकित व्यक्तियों तथा उत्तराधिकारियों को दिया जाएगा, जिनका वेतन (अर्थात मूल मजदूरी, महंगाई भत्ता, जिसमें खाद्य संबंधी किसी भी रियायत का नकद मूल्य शामिल है, और प्रतिधारण भत्ता, यदि कोई हो) उनकी मृत्यु के समय 500/— रु० प्रति मास से अधिक न हो। मृत्योपरान्त सहायता निधि से सहायता के लाभ की मात्रा का निर्धारण नीचे लिखी रीति से किया जाएगा :—

"मृत सदस्य के खाते में जमा राशि यदि 750/— रु० से कम हो तो जितनी राशि कम हो उतनी राशि मरणोपरान्त सहायता निधि से, उसके नामांकित व्यक्तियों या उत्तराधिकारियों को उसी अनुपात में दे दी जाएगी जिस अनुपात में उन्हें दावे की राशि मिलती । जो मृत सदस्य 55 वर्ष के आयु प्राप्त करने पर या उसके बाद और अधिवर्षिता पर पूरे लाभों का प्राप्त करने के बाद निधि का सदस्य बना हो उसके नामांकित व्यक्तियों या उत्तराधिकारियों को मरणोपरान्त सहायता निधि से कोई आर्थिक सहायता नहीं दी जाएगी ।"

ज० स० सिघोता,
सचिव,
भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड,
चण्डीगढ़ ।

फार्म—1

घोषणा और नामांकन फार्म

(विनियम 5(3) और 8(3) देखें)।

1 नाम——————————————————अंशदायी भविष्य निधि खाता सं०——————————

2 पदनाम——————————————————प्रभाग——————————

3. पिता का नाम——————————————————भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड में नियुक्ति की तारीख——————————

4. पति का नाम (केवल विवाहित महिला के मामले में)

5. धर्म——————————　6. जाति

7. पुरूष/स्त्री　(ऊंचाई——————फुट——————इंच)

8. वैवाहिक स्थिति——————————

(क्या वह विवाहित है, अविवाहित है, विधवा या विधुर है)

9. आयु——————————जन्म तिथि——————————

10. पहचान चिह्न

11. स्थायी पता :—

गांव——————————थाना——————————

डाकखाना——————————जिला——————————

राज्य——————————

मैं घोषणा करता हूं कि इससे पूर्व मैं सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि का सदस्य नहीं रहा हूं (विस्तृत जानकारी नीचे दी गई है)

नियोक्ता——————————

सामान्य भविष्य निधि खाता सं०——————————

टोकन सं०

अवधि——————————से

मैं निधि में जमा रकम के देय होने से पहले या देय हो जाने पर भी उसका भुगतान देने से पहले अपनी मृत्यु हो जाने की स्थिति में नीचे बताये व्यक्तियों को उक्त राशि प्राप्त करने के लिये एतद्द्वारा मनोनीत करता हूं। यह राशि उक्त व्यक्तियों में नीचे उनके नाम के सामने बताये अनुसार बांट दी जाए।

नामित व्यक्ति या व्यक्तियों के नाम और पते	सदस्य के साथ संबंध	नामित व्यक्ति की आयु	कितना हिस्सा दिया जाना है।	आकस्मिक घटनाएं जिनके घटने पर नामांकन अवैध हो जाएगा।
1.				
2.				
3.				
4.				

टिप्पणी :—

1. प्रमाणित किया जाता है कि मेरा कोई परिवार नहीं है और यदि बाद में मेरा कोई परिवार हो जाता है तो उपर्युक्त नामांकन रद्द माना जाएगा।

2 प्रमाणित किया जाता है कि मेरे पिता/माता/बहन (बहनें) मुझ पर आश्रित है।

तारीख——————————दिन——————————19

सदस्य के हस्ताक्षर
या
उसके दायें/बायें हाथ के अंगूठे
का निशान

